इसे वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in** से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 49] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 2 दिसम्बर 2016—अग्रहायण 11, शक 1938

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुर:स्थापित विधेयक,
(ख)(1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 5 नवम्बर 2016

क्र. ई-1-305-2016-5-एक.—भारत सरकार, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, नई दिल्ली की अधिसूचना क्रमांक 13017/30/2016/AIS-I, दिनांक 30 सितम्बर 2016 द्वारा श्री शिवम वर्मा, भाप्रसे (2013) की सेवाएं नागालैण्ड संवर्ग से मध्यप्रदेश संवर्ग में स्थानांतरित की गई हैं.

2. श्री शिवम वर्मा को आगामी आदेश तक, राजस्व संबंधी विषयों पर दो सप्ताह के संक्षिप्त प्रशिक्षण के लिए आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल में संबद्ध किया जाता है.

भोपाल, दिनांक 7 नवम्बर 2016

क्र. ई-5-907-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री प्रमोद कुमार गुप्ता, आयएएस., अपर आयुक्त, सागर संभाग, सागर को दिनांक 7 से 30 नवम्बर 2016 तक चौबीस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 6 नवम्बर 2016 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री प्रमोद कुमार गुप्ता को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अपर आयुक्त, सागर संभाग, सागर के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2016.

(3) अवकाशकाल में श्री प्रमोद कुमार गुप्ता को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री प्रमोद कुमार गुप्ता अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 8 नवम्बर 2016

क्र. ई-5-930-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री फटिंग राहुल हरिदास, आयएएस., मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, श्योपुर को दिनांक 10 से 25 नवम्बर 2016 तक सोलह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री फटिंग राहुल हरिदास को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, श्योपुर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री फटिंग राहुल हरिदास को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री फटिंग राहुल हरिदास अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-685-आयएएस-लीव-5-एक.—श्री डी. पी. आहूजा, आयएएस., प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश ट्रेड एण्ड इंवेस्टमेंट फेसिलिटेशन कार्पोरेशन लिमि. (ट्रायफेक) को समसंख्यक आदेश दिनांक 13 अक्टूबर 2016 द्वारा दिनांक 1 से 11 नवम्बर 2016 तक ग्यारह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया गया था, में आंशिक संशोधन करते हुए अब उन्हें दिनांक 7 से 18 नवम्बर 2016 तक बारह दिन का संशोधित/पुनरीक्षत अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 6 नवम्बर 2016 एवं दिनांक 19, 20 नवम्बर 2016 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

2. शेष कंडिकाएं समसंख्यक आदेश दिनांक 13 अक्टूबर 2016 अनुसार यथावत्.

क्र. ई-5-901-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री डी. डी. अग्रवाल, भाप्रसे, अपर आयुक्त, ग्वालियर संभाग, ग्वालियर को दिनांक 31 अक्टूबर से 5 नवम्बर 2016 तक छः दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 30 अक्टूबर एवं 6 नवम्बर 2016 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री डी. डी. अग्रवाल को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अपर आयुक्त, ग्वालियर संभाग, ग्वालियर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री डी. डी. अग्रवाल को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि श्री डी. डी. अग्रवाल अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-911-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्रीमती अनुग्रह पी., आयएएस., तत्का. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, उमरिया को दिनांक 1 से 30 अक्टूबर 2016 तक स्वीकृत साठ दिन के चाईल्ड केयर लीव के अनुक्रम में दिनांक 1 से 10 नवम्बर 2016 तक दस दिन का चाइल्ड केयर लीव स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाशकाल में श्रीमती अनुग्रह पी., को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(3) प्रमाणित किया जाता है कि श्रीमती अनुग्रह पी., अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करतीं रहतीं.

भोपाल, दिनांक 9 नवम्बर 2016

क्र. ई-5-835-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री कवीन्द्र कियावत, आयएएस., आयुक्त-सह-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं तथा प्रबंध संचालक, राज्य सहकारी तिलहन उत्पादन संघ को दिनांक 15 नवम्बर 2016 से दिनांक 2 दिसम्बर 2016 तक अठारह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 12, 13, 14 नवम्बर 2016 के सार्वजनिक अवकाश एवं दिनांक 3 दिसम्बर 2016 के स्थानीय अवकाश तथा दिनांक 4 दिसम्बर 2016 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री कवीन्द्र कियावत को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न आयुक्त-सह-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं तथा प्रबंध संचालक, राज्य सहकारी तिलहन उत्पादन संघ के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री कवीन्द्र कियावत को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री कवीन्द्र कियावत अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-846-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्रीमती रेनू तिवारी, आयएएस., प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, भोपाल को दिनांक 5 से 11 नवम्बर 2016 तक सात दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 12, 13, 14 नवम्बर 2016 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्रीमती रेनू तिवारी को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्रीमती रेनू तिवारी को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती रेनू तिवारी अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करतीं रहतीं.

क्र. ई-5-409-आयएएस-लीव-5-एक.—श्री एस.आर. मोहन्ती, भाप्रसे (1982), तत्कालीन अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग को दिनांक 24 से 25 अक्टूबर 2016 तक दो दिन का अर्जित अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 23 अक्टूबर 2016 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाशकाल में श्री एस.आर. मोहन्ती को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(3) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री एस.आर. मोहन्ती अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 11 नवम्बर 2016

क्र. ई.-5-690-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री अनिरूद्ध मुकर्जी, आयएएस., सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग को दिनांक 12 से 16 दिसम्बर 2016 तक, पांच दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 10, 11, दिसम्बर 2016 एवं दिनांक 17, 18, दिसम्बर 2016 का सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री अनिरूद्ध मुकर्जी को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री अनिरूद्ध मुकर्जी को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अनिरूद्ध मुकर्जी अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-888-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री कर्मवीर शर्मा, भाप्रसे, आयुक्त, नगरपालिक निगम, रीवा को समसंख्यक आदेश दिनांक 24 अक्टूबर 2016 द्वारा दिनांक 15 से 18 नवम्बर 2016 तक चार दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया गया था, में आंशिक संशोधन करते हुए अब उन्हें दिनांक 21 से 26 नवम्बर 2016 तक छः दिन का संशोधित/पुनरीक्षित अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 19, 20 नवम्बर 2016 एवं 27 नवम्बर 2016 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) शेष कंडिकाएं समसंख्यक आदेश दिनांक 24 अक्टूबर 2016 अनुसार यथावत्.

क्र. ई.-5-951-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री रवीन्द्र सिंह, आयएएस., उपसचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग को दिनांक 5 से 12 दिसम्बर 2016 तक आठ दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 4 एवं 13 दिसम्बर 2016 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री रवीन्द्र सिंह को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न उपसचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री रवीन्द्र सिंह को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री रवीन्द्र सिंह अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई.-5-843-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री नीरज दुबे, आयएएस., आयुक्त, लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश को दिनांक 21 से 30 नवम्बर 2016 तक दस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 19 एवं 20 नवम्बर 2016 का सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री नीरज दुबे को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न आयुक्त, लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री नीरज दुबे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री नीरज दुबे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई.-5-684-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री अमित राठौर, आयएएस., सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग तथा आयुक्त-सह संचालक, संस्थागत वित्त को दिनांक 23 से 31 दिसम्बर 2016 तक नौ दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री अमित राठौर को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग तथा आयुक्त-सह संचालक, संस्थागत वित्त के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री अमित राठौर को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अमित राठौर अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-573-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री मलय श्रीवास्तव, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग एवं महानिदेशक, एप्को तथा प्रशासक, राजधानी परियोजना प्रशासन को दिनांक 26 से 29 अक्टूबर 2016 तक, चार दिन का अर्जित अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाशकाल में श्री मलय श्रीवास्तव को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(3) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री मलय श्रीवास्तव अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-922-आयएएस-लीव-5-एक.—(1)श्री अजय कटेसरिया, आयएएस., मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, टीकमगढ़ को दिनांक 15 से 24 नवम्बर 2016 तक दस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 12, 13, 14 नवम्बर 2016 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री अजय कटेसरिया को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत टीकमगढ़ के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री अजय कटेसरिया को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अजय कटेसरिया अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-890-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री अनुराग चौधरी, आयएएस., मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत झाबुआ को समसंख्यक आदेश दिनांक 8 सितम्बर 2016 द्वारा दिनांक 3 से 10 अक्टूबर 2016 तक आठ दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया गया था, में आंशिक संशोधन करते हुए अब उन्हें दिनांक 3 से 13 अक्टूबर 2016 तक ग्यारह दिन का अर्जित अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है. तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 2 अक्टूरब 2016 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) समसंख्यक आदेश दिनांक 8 सितम्बर 2016 की शेष कंडिकाएं यथावत्.

क्र. ई-5-1002-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री राजेश कुमार कौल, आयएएस., संयुक्त राजस्व आयुक्त, भोपाल को दिनांक 21 से 26 नवम्बर 2016 तक छः दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री राजेश कुमार कौल को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न संयुक्त राजस्व आयुक्त भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री राजेश कुमार कौल को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री राजेश कुमार कौल अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 15 नवम्बर 2016

क्र. ई-5-785-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री अजातशत्रु श्रीवास्तव, आयएएस., आयुक्त, भोपाल संभाग, भोपाल को दिनाकं 5 से 16 दिसम्बर 2016 तक बारह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 4 दिसम्बर एवं 17, 18, दिसम्बर 2016 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) श्री अजातशत्रु श्रीवास्तव की अवकाश अवधि में आयुक्त, भोपाल संभाग, भोपाल का प्रभार श्री निशांत वरवड़े, कलेक्टर, जिला भोपाल को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री अजात शत्रु श्रीवास्तव को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न आयुक्त, भोपाल संभाग, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री अजातशत्रु श्रीवास्तव द्वारा आयुक्त, भोपाल संभाग, भोपाल का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री निशांत वरवड़े, आयुक्त भोपाल संभाग भोपाल के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री अजातशत्रु श्रीवास्तव को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अजात शत्रु श्रीवास्तव अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 17 नवम्बर 2016

क्र. ई-1-65-2016-5-एक.—मध्यप्रदेश संवर्ग के आवंटन वर्ष 2003 के भाप्रसे अधिकारियों को प्रवर श्रेणी वेतनमान प्रदान करने के लिए उपयुक्तता निर्धारण हेतु छानबीन समिति की बैठक दिनांक 23 फरवरी, 2016 को सम्पन्न हुई थी. इसमें आवंटन वर्ष 2003 के एक अधिकारी श्री नागेन्द्र प्रसाद मिश्रा तो तत्समय कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड स्वीकृत नहीं हुआ था और वे प्रवर श्रेणी वेतनमान में पदोन्नति के लिए अर्ह नहीं थे, अतः उनका नाम उक्त छानबीन समिति के समक्ष विचारण हेतु नहीं रखा जा सका था.

2. राज्य शासन के आदेश दिनांक 29 जुलाई 2016 द्वारा उन्हें काल्पनिक तिथि अर्थात् 1-1-2012 से कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड स्वीकृत किया गया है तथा पदोन्नति का वास्तविक लाभ उनकी भाप्रसे में नियुक्ति दिनांक अर्थात् 24 नवम्बर 2015 से दिया गया है. श्री नागेन्द्र प्रसाद मिश्रा को प्रवर श्रेणी वेतनमान में पदोन्नति की उपयुक्तता के लिए रिव्यू छानबीन समिति की बैठक दिनांक 21 अक्टूबर 2016 को सम्पन्न हुई. समिति द्वारा श्री नागेन्द्र प्रसाद मिश्रा को प्रवर श्रेणी वेतनमान में पदोन्नति के लिये उपयुक्त पाया.

3. राज्य शासन एतद्द्वारा श्री नागेन्द्र प्रसाद मिश्रा, भाप्रसे (2003), उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग को दिनांक 1 जनवरी 2016 से भाप्रसे का प्रवर श्रेणी वेतनमान (रुपये 37400—67000+ग्रेड पे 8700) सातवें वेतनमान में पे मेट्रिक्स के लेवल 13 अनुसार) स्वीकृत किया जाता है.

4. श्री नागेन्द्र प्रसाद मिश्रा, भाप्रसे (2003) उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग को उपरोक्तानुसार दिनांक 1 जनवरी 2016 से प्रवर श्रेणी वेतनमान स्वीकृत किए जाने के फलस्वरूप इस आदेश के प्रसारण की तिथि से स्थानापन्न अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग पदस्थ किया जाता है.

भोपाल, दिनांक 18 नवम्बर 2016

क्र. ई-5-821-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री एस. सुहेल अली, आयएएस., सचिव, राजस्व मंडल, ग्वालियर को दिनांक 1 से 9 दिसम्बर 2016 तक नौ दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 4 एवं 10, 11 दिसम्बर 2016 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री एस. सुहेल अली को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न सचिव, राजस्व मंडल, ग्वालियर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) श्री एस. सुहेल अली को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री एस. सुहेल अली अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-573-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री मलय श्रीवास्तव, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग एवं महानिदेशक, एप्को तथा प्रशासक, राजधानी परियोजना प्रशासन को दिनांक 21 से 24 दिसम्बर 2016 तक, चार दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 20 नवम्बर 2016 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) श्री मलय श्रीवास्तव की अवकाश अवधि में उनका प्रभार श्री एस. एन. मिश्रा, भाप्रसे, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, परिवहन विभाग तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी. मध्यप्रदेश इंटरसिटी ट्रांसपोर्ट अथोरिटी को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री मलय श्रीवास्तव को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग एवं महानिदेशक, एप्को तथा प्रशासक, राजधानी परियोजना प्रशासन के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री मलय श्रीवास्तव द्वारा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग एवं महानिदेशक, एप्को तथा प्रशासक, राजधानी परियोजना प्रशासन का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री एस. एन. मिश्रा उक्त से प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री मलय श्रीवास्तव को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री मलय श्रीवास्तव अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-834-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्रीमती रजनी उईके, आयएएस., विकअ-सह-सचिव, राज्य सूचना आयोग को दिनांक 15 से 18 नवम्बर 2016 तक, चार दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 12, 13, 14 नवम्बर 2016 एवं दिनांक 19, 20 नवम्बर 2016 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्रीमती रजनी उईके, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न विकअ-सह-सचिव, राज्य सूचना आयोग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्रीमती रजनी उईके को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती रजनी उईके अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करतीं रहतीं.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बसंत प्रताप सिंह, मुख्य सचिव.

भोपाल, दिनांक 15 नवम्बर 2016

क्र. एफ 3-01-2016-एक-4.—भारत सरकार, गृह मंत्रालय की अधिसूचना क्रमांक 20-25-56-प.ब.-एक, तारीख 8 जून 1957 के साथ पढ़ी गई परक्राम्य लिखित अधिनियम (निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट्स एक्ट) 1881 (1881 का क्रमांक 26) की धारा 25 के स्पष्टीकरण द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा यह घोषित करता है कि उक्त स्पष्टीकरण के अन्तर्गत मध्यप्रदेश में संसदीय एवं विधान सभा उप चुनाव 2016 के सिलसिले में नीचे की अनुसूची के स्तम्भ (1) में विनिर्दिष्ट संसदीय एवं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में उनके सामने अनुसूची के स्तम्भ (2) में विर्निदिष्ट तारीख को उस निर्वाचन क्षेत्र में मतदान के लिये सार्वजनिक अवकाश का दिन होगा.

2. क्रमांक एफ 3-01-2016-1-4.—राज्य शासन, एतद्द्वारा यह भी घोषित करता है कि संसदीय एवं विधान सभा उप चुनाव 2016 के लिये मतदान के दिन दिनांक 19 नवम्बर 2016 (शनिवार) को निम्नलिखित निर्वाचन क्षेत्र में सामान्य अवकाश का भी दिन होगा:—

अनुसूची

निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक एवं नाम (1)	मतदान की तारीख (2)
जिला शहडोल अनूपपुर, उमरिया, कटनी एवं बुरहानपुर के 12-शहडोल (अ.ज.जा.) संसदीय एवं 179-नेपानगर (अ.ज.जा.) (विधान सभा).	19 नवम्बर 2016 (शनिवार).

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अमिताभ अवस्थी, उपसचिव.

गृह विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 11 नवम्बर 2016

क्र. एफ 1-109-2016-ब-2-दो.—श्री सुशोभन बनर्जी, भापुसे, अति. पुलिस महानिदेशक, पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा 36 Asian & Pacific Confrence of Correctional Administrators (APCCA) to be held at Tiajin China from 16-21 October 2016 में सम्मिलित होने हेतु दिनांक 24 से 27 अक्टूबर 2016 तक 4 दिवस अर्जित अवकाश के साथ विदेश यात्रा (Ex India Leave) की अनुमति प्रदान की जाती है.

1. विदेश में स्वास्थ्य/चिकित्सा आदि पर होने वाला किसी भी प्रकार का व्यय राज्य शासन द्वारा वहन नहीं किया जावेगा.
2. विदेश में शासकीय अथवा किसी निजी संस्था का आतिथ्य स्वीकार नहीं करेंगे.
3. विदेश में कोई Assignment नहीं लेंगे.
4. स्वीकृत अवकाश में वृद्धि नहीं करेंगे.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री सुशोभन बनर्जी, भापुसे को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न रूप से अति. पुलिस महानिदेशक, पुलिस मुख्यालय, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल सुशोभन बनर्जी, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री सुशोभन बनर्जी, भापुसे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
श्रीदास, अवर सचिव.

गृह (सामान्य) विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 16 नवम्बर 2016

क्र. एफ 31-3-2014-दो-ए (3).—विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 31-3-2009-दो-ए(3), भोपाल, दिनांक 16 दिसम्बर 2009 द्वारा भूतपूर्व सैनिकों के व्यवस्थापन एवं पुनर्वास हेतु गठित समामेलित विशेष निधि की राज्य प्रबंध समिति में मनोनीत अशासकीय सदस्य मेजर जनरल एस. आर. सिन्हो एवं श्री आर. एन. प्रसाद का कार्यकाल समाप्त होने के फलस्वरूप उनके स्थान पर निम्नलिखित सेवानिवृत्त सैनिक अधिकारियों को राज्य शासन एतद्द्वारा अशासकीय सदस्य के रूप में मनोनीत करता है:—

1. मेजर जनरल, पी. एन. त्रिपाठी (से.नि.),
   मकान नं. 329, सेक्टर बी, रक्षाविहार, भोपाल.
2. मेजर जनरल, पी. एन. त्रिपाठी (से.नि.),
   मकान नं. 329, सेक्टर बी, रक्षाविहार, भोपाल.

उपरोक्त सदस्यों का कार्यकाल इस अधिसूचना जारी होने केदिनांक से 02 वर्ष की अवधि के लिये होगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
लक्ष्मीकान्त द्विवेदी उपसचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 9 नवम्बर 2016

फा. क्र. 17-(ई)-83-2003-इक्कीस-ब-(एक)-3892-2016.—विद्युत् अधिनियम, 2003 (2003 का 36) की धारा 153 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की सहमति से, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना फा. क्रमांक 17(ई) 83-2003-इक्कीस-ब(एक), दिनांक 16 सितम्बर, 2010 में, जो मध्यप्रदेश राजपत्र, भाग—1 में दिनांक 24 सितम्बर, 2010 में प्रकाशित की गई थी, निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात्:—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, सारणी में, अनुक्रमांक 3, 36, 70 एवं 88 तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक और उनसे संबंधित प्रविष्टियाँ स्थापित की जाएं अर्थात्:—

अनुक्रमांक	सिविल जिले का नाम	विशेष न्यायालय का नाम	विशेष न्यायालय के न्यायाधीश का नाम
(1)	(2)	(3)	(4)
3	अनूपपुर	द्वितीय अपर सेशन न्यायाधीश, अनूपपुर	श्री प्रदीप मित्तल, द्वितीय अपर सेशन न्ययाधीश, अनूपपुर.
36	गुना	विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जातियां/ अनुसूचित जनजातियां (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 गुना.	श्री ओंकार नाथ, विशेष न्ययाधीश, अनुसूचित जातियां/अनुसूचित जनजातियां (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 गुना.
70	रायसेन	तृतीय अपर सेशन न्यायाधीश, रायसेन	श्री रमेश साहू, तृतीय अपर सेशन न्यायाधीश, रायसेन.
88	सीहोर	द्वितीय अपर सेशन न्यायाधीश, नसरूल्लागंज	श्री मोहम्मद मूसा खान, द्वितीय अपर सेशन नसरूल्लागंज.

F. No. 17(E) 83-2003-XXI-B(one)-3892-2016.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 153 of the Electricity Act, 2003 (No. 36 of 2003), the State Government, with the concurrence of the High Court of Madhya Pradesh, hereby makes the following further amendments in this Department's Notification F. No. 17(E)83-03-XXI-B(1), dated 16th September, 2010, which was published in the Madhya Pradesh Gazette Part-1, dated 24th September, 2010 namely:—

AMENDMENTS

In the said notification, in the Table, for serial numbers 3, 36, 70 and 88 and entries relating thereto, the following serial numbers and entries relating thereto shall be substituted, namely:—

TABLE

S. No.	Name of Civil District	Name of Special Court	Name of the Judge of the Special Court
(1)	(2)	(3)	(4)
"3.	Anuppur	IInd Additional Sessions Judge, Anuppur.	Shri Pradeep Mittal, IInd Additional Sessions Judge, Anuppur.
36.	Guna	Special Judge, Scheduled Castes and Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act, 1989, Guna.	Shri Omkarnath, Special Judge, Scheduled Castes and Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act, 1989, Guna.

(1)	(2)	(3)	(4)
70.	Raisen	IIIrd Additional Sessions Judge, Raisen.	Dr. Ramesh Sahu, IIIrd Additional Sessions Judge, Raisen.
88.	Sehore	IInd Additional Sessions Judge, Nasrullaganj.	Shri Mohd. Moosa Khan, IInd Additional Sessions Judge, Nasrullaganj''.

भोपाल, दिनांक 10 नवम्बर 2016

फा. क्र. 1-6-89-इक्कीस-ब (एक)-3895-2016.—स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 (1985 का 61) की धारा 36 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की सहमति से, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना फा. क्र. 1-6-89-इक्कीस-ब (एक), दिनांक 3 अप्रैल, 1998 में, जो मध्यप्रदेश राजपत्र भाग-1 में दिनांक 17 अप्रैल 1998 को प्रकाशित हुई थी, निम्नलिखित और संशोधन करता है, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, अनुसूची में, अनुक्रमांक 2, 33, 36, 41, 43, 47-1 तथा 50 तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात्:—

सारणी

अनुक्रमांक (1)	न्यायाधीश का नाम तथा पदनाम (2)	विशेष न्यायालय (3)	स्थानीय क्षेत्र/सेशन खण्ड (4)
''2.	श्री एस. बी. वर्मा, दशम् अपर सेशन न्यायाधीश, उज्जैन.	उज्जैन	उज्जैन
33.	श्री ओमकार नाथ, विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां (अत्याचार निवारण) अधिनियम, गुना.	गुना	गुना
36.	श्री राजेश कुमार गुप्ता, विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां (अत्याचार निवारण) अधिनियम, राजगढ़ (ब्यावरा).	राजगढ़ (ब्यावरा)	राजगढ़ (ब्यावरा)
41.	श्री अरूण कुमार वर्मा, विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां (अत्याचार निवारण) अधिनियम, शिवपुरी.	शिवपुरी	शिवपुरी
43.	श्री विजय कुमार पाण्डे (सीनि.), विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां (अत्याचार निवारण) अधिनियम, मण्डला.	मण्डला	मण्डला
47-1.	श्री अजय प्रकाश मिश्र, विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां (अत्याचार निवारण) अधिनियम, कटनी.	कटनी	कटनी
50.	श्री प्रदीप मित्तल, द्वितीय अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, अनूपपुर.	अनूपपुर	अनूपपुर''.

यह संशोधन उस तारीख से प्रवृत्त होगा जिसको कि इस अधिसूचना में यथाविनिर्दिष्ट न्यायाधीश उक्त न्यायालय में अपने पद का कार्यभार ग्रहण करें.

F. No. 1-6-89-XXI-B(1) 3895-2016.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 36 of the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act, 1985 (No. 61 of 1985), the State Government, with the concurrence of the High Court of Madhya Pradesh, hereby, makes the following further amendments in this Department's Notification No. F. 1-6-89-XXI-B (I), dated 3rd April 1998, which was published in the Madhya Pradesh Gazette, Part-I dated the 17th April 1998, namely :—

AMENDMENTS

In the said Notification, in the Schedule, for serial numbers 2, 33, 36, 41, 43, 47-1 and 50 and entries relating thereto, the following serial numbers and entries relating thereto shall be substituted, namely :—

S.No.	Name and designation of the Judge	Special Court	Local area Session division
(1)	(2)	(3)	(4)
"2.	Shri S. B. Verma, Xth Additional Sessions Judge, Ujjain	Ujjain	Ujjain
33.	Shri Omkarnath, Special Judge, Scheduled Castes and Schedule Tribes (Prevention of Atrocities) Act, Guna.	Guna	Guna
36.	Shri Rajesh Kumar Gupta, Special Judge, Scheduled Castes and Schedule Tribes (Prevention of Atrocities) Act, Rajgarh (Bioara).	Rajgarh (Bioara)	Rajgarh (Bioara)
41.	Shri Arun Kumar Verma, Special Judge, Scheduled Castes and Schedule Tribes (Prevention of Atrocities) Act, Shivpuri.	Shivpuri	Shivpuri
43.	Shri Vijay Kumar Pandey, Special Judge, Scheduled Castes and Schedule Tribes (Prevention of Atrocities) Act, Mandla.	Mandla	Mandla
47-1.	Shri Ajay Prakash Mishr, Special Judge, Scheduled Castes and Schedule Tribes (Prevention of Atrocities) Act, Katni.	Katni	Katni
50.	Shri Pradeep Mittal, IInd Additional Sessions Judge, Anuppur.	Anuppur	Anuppur".

This amendment shall come into force from the date on which the Judge as specified in this notification assumes the charge of his office in the said Court.

भोपाल, दिनांक 22 नवम्बर 2016

फा. क्र. 1 अ-1-15-21-इक्कीस-ब(दो).—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, अतिरिक्त महाधिवक्ता कार्यालय, ग्वालियर में नियुक्त समस्त निम्नलिखित विधि अधिकारियों को नियुक्ति दिनांक 1 अगस्त 2016 से उनके कार्यकाल समाप्ति या अन्य आदेश तक, जो भी पहले हो, तक के लिए लोक अभियोजक की शक्तियां प्रदान करता है:—

अतिरिक्त महाधिवक्ता कार्यालय, ग्वालियर

क्रमांक	अधिवक्ता का नाम	पद
(1)	(2)	(3)
	अतिरिक्त महाधिवक्ता	
1	श्री विशाल मिश्रा	अतिरिक्त महाधिवक्ता
	उप महाधिवक्ता	
1	श्रीमती अमी प्रवल सोलंकी	उप महाधिवक्ता
	विधि अधिकारी/शासकीय अधिवक्ता	
1	श्री चन्द्रसेन रोमन	विधि अधिकारी/शासकीय अधिवक्ता.
2	श्री भानु प्रताप सिंह चौहान	विधि अधिकारी/शासकीय अधिवक्ता.
3	श्री प्रवीण नेवास्कर	विधि अधिकारी/शासकीय अधिवक्ता.
4	सुश्री निधि पाटनकर	विधि अधिकारी/शासकीय अधिवक्ता.
5	श्री गिरधारी सिंह चौहान	विधि अधिकारी/शासकीय अधिवक्ता.
6	श्री कमल जैन	विधि अधिकारी/शासकीय अधिवक्ता.
7	श्री राजेन्द्र सिंह यादव	विधि अधिकारी/शासकीय अधिवक्ता.
8	श्री हरीश दीक्षित	विधि अधिकारी/शासकीय अधिवक्ता.
	उप विधि अधिकारी/उप शासकीय अधिवक्ता	
1	श्री राजकुमार अवस्थी	उप विधि अधिकारी/ उप शासकीय अधिवक्ता.
2	डॉ. अंजली ज्ञानानी	उप विधि अधिकारी/ उप शासकीय अधिवक्ता.

भोपाल, दिनांक 22 नवम्बर 2016

फा. क्र. 17(ई)43-2009-इक्कीस-ब(एक)-4239-2016.—ग्राम न्यायालय अधिनियम, 2008 (2009 का 4) की धारा 5 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के परामर्श से एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना फा. क्रमांक 17(ई)43-2009-2251-इक्कीस-ब(एक)13, दिनांक 10 मई 2013 में निम्नलिखित और संशोधन करता है, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, सारणी में, अनुक्रमांक 20 तथा उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उससे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात् :—

सारणी

अनु.-क्रमांक	न्यायाधिकारी का नाम	पदस्थापना का स्थल	सिविल जिले का नाम	मध्यवर्ती स्तर की पंचायत के लिये ग्राम न्यायालय का नाम	ग्राम न्यायालय के मुख्यालय का नाम
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
"20.	श्री शिवराज सिंह गवली, षष्टम् व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2.	दमोह	दमोह	दमोह	दमोह."

F. No. 17(E)43-2009-XXI-B(1)-4239-2016.—In exercise of the powers conferred by Section 5 of the Gram Nyayalayas Act, 2008 (No. 4 of 2009), the State Government, in Consultation with the High Court of Madhya Pradesh, hereby, makes the following further amendment in this Department's Notification F. No. 17(E)43-2009-XXI-B(I) 2251-13, dated 10th May, 2013, namely :—

AMENDMENT

In the said Notification, in the table, for serial number 20 and entries relating thereto, the following serial number and entries relating thereto shall be substituted, namely :—

TABLE

S. No.	Name of Nyayadhikari	Place of Posting	Name of Civil District	Name of Gram Nyayalaya for Panchayat at Intermediate level	Name of Headquarter of Gram Nyayalaya
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
"20.	Shri Shivraj-Singh Gawli, VIth Civil Judge, Class-II.	Damoh	Damoh	Damoh	Damoh

भोपाल, दिनांक 23 नवम्बर 2016

फा. क्र. 3(बी)3-2015-इक्कीस-ब(एक).—(मेरिट क्र. 01), राज्य शासन, श्री गौरव गर्ग पिता राकेश गर्ग, को मध्यप्रदेश न्यायिक सेवा में सिविल न्यायाधीश, वर्ग-2 (प्रवेश स्तर) के पद पर, दो वर्ष की परिवीक्षा पर अथवा अन्य आदेश होने तक, अस्थायी रूप से, उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से कनिष्ठ वेतनमान रुपये 27700—770—33090—920—40450—1080—44770 में एतद्द्वारा नियुक्त करता है.

अभ्यर्थी का गृह जिला ग्वालियर (मध्यप्रदेश) है. उसकी जन्मतिथि 9 अगस्त, 1987 है.

फा. क्र. 3(बी)3-2015-इक्कीस-ब(एक) 3331.—(मेरिट क्र. 03), राज्य शासन, श्री शरद जोशी पिता श्री सत्येन्द्र जोशी को मध्यप्रदेश न्यायिक सेवा में सिविल न्यायाधीश, वर्ग-2 (प्रवेश स्तर) के पद पर, दो वर्ष की परिवीक्षा पर अथवा अन्य आदेश होने तक, अस्थायी रूप से, उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से कनिष्ठ वेतनमान रुपये 27700—770—33090—920—40450—1080—44770 में एतद्द्वारा नियुक्त करता है.

अभ्यर्थी का गृह जिला धार (मध्यप्रदेश) है. उसकी जन्मतिथि 06 जून 1988 है.

फा. क्र. 3(बी)3-2015-इक्कीस-ब(एक).—(मेरिट क्र. 07), राज्य शासन, सुश्री रिनी खान पिता श्री अतीक अहमद खान को मध्यप्रदेश न्यायिक सेवा में सिविल न्यायाधीश, वर्ग-2 (प्रवेश स्तर) के पद पर, दो वर्ष की परिवीक्षा पर अथवा अन्य आदेश होने तक, अस्थायी रूप से, उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से कनिष्ठ वेतनमान रुपये 27700—770—33090—920—40450—1080—44770 में एतद्द्वारा नियुक्त करता है.

अभ्यर्थी का गृह जिला भोपाल (मध्यप्रदेश) है. उसकी जन्मतिथि 21 अक्टूबर, 1988 है.

फा. क्र. 3(बी)3-2015-इक्कीस-ब(एक).—(मेरिट क्र. 08), राज्य शासन, श्री चैतन्य अनुभव चौबे पिता श्री कृष्ण कुमार चौबे को मध्यप्रदेश न्यायिक सेवा में सिविल न्यायाधीश, वर्ग-2 (प्रवेश स्तर) के पद पर, दो वर्ष की परिवीक्षा पर अथवा अन्य आदेश होने तक, अस्थायी रूप से, उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से कनिष्ठ वेतनमान रुपये 27700—770—33090—920—40450—1080—44770 में एतद्द्वारा नियुक्त करता है.

अभ्यर्थी का गृह जिला विदिशा (मध्यप्रदेश) है. उसकी जन्मतिथि 25 अगस्त 1986 है.

फा. क्र. 3(बी)3-2015-इक्कीस-ब(एक).—(मेरिट क्र. 12), राज्य शासन, श्री तनवीर खान पिता अब्दुल रशीद खान को मध्यप्रदेश न्यायिक सेवा में सिविल न्यायाधीश, वर्ग-2 (प्रवेश स्तर) के पद पर, दो वर्ष की परिवीक्षा पर अथवा अन्य आदेश होने तक, अस्थायी रूप से, उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से कनिष्ठ वेतनमान रुपये 27700—770—33090—920—40450—1080—44770 में एतद्द्वारा नियुक्त करता है.

अभ्यर्थी का गृह जिला शिवपुरी (मध्यप्रदेश) है. उसकी जन्मतिथि 13 अक्टूबर, 1989 है.

फा. क्र. 3(बी)3-2015-इक्कीस-ब(एक).—(मेरिट क्र. 14), राज्य शासन, सुश्री शिवांगी श्रीवास्तव पिता श्री एन. के. श्रीवास्तव को मध्यप्रदेश न्यायिक सेवा में सिविल न्यायाधीश, वर्ग-2 (प्रवेश स्तर) के पद पर, दो वर्ष की परिवीक्षा पर अथवा अन्य आदेश होने तक, अस्थायी रूप से, उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से कनिष्ठ वेतनमान रुपये 27700—770—33090—920—40450— 1080—44770 में एतद्द्वारा नियुक्त करता है.

अभ्यर्थी का गृह जिला भोपाल (मध्यप्रदेश) है. उसकी जन्मतिथि 19 अगस्त, 1991 है.

फा. क्र. 3(बी)3-2015-इक्कीस-ब(एक).—(मेरिट क्र. 17), राज्य शासन, श्री भारत सिंह रघुवंशी पिता श्री परमाल सिंह रघुवंशी को मध्यप्रदेश न्यायिक सेवा में सिविल न्यायाधीश, वर्ग-2 (प्रवेश स्तर) के पद पर, दो वर्ष की परिवीक्षा पर अथवा अन्य आदेश होने तक, अस्थायी रूप से, उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से कनिष्ठ वेतनमान रुपये 27700—770—33090— 920—40450— 1080—44770 में एतद्द्वारा नियुक्त करता है.

अभ्यर्थी का गृह जिला अशोकनगर (मध्यप्रदेश) है. उसकी जन्मतिथि 05 मई, 1991 है.

फा. क्र. 3(बी)3-2015-इक्कीस-ब(एक).—(मेरिट क्र. 18), राज्य शासन, सुश्री अंकिता श्रीवास्तव पिता श्री शम्भू दयाल श्रीवास्तव को मध्यप्रदेश न्यायिक सेवा में सिविल न्यायाधीश, वर्ग-2 (प्रवेश स्तर) के पद पर, दो वर्ष की परिवीक्षा पर अथवा अन्य आदेश होने तक, अस्थायी रूप से, उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से कनिष्ठ वेतनमान रुपये 27700—770—33090— 920—40450— 1080—44770 में एतद्द्वारा नियुक्त करता है.

अभ्यर्थी का गृह जिला दमोह (मध्यप्रदेश) है. उसकी जन्मतिथि 01 अक्टूबर 1989 है.

फा. क्र. 3(बी)3-2015-इक्कीस-ब(एक).—(मेरिट क्र. 24), राज्य शासन, सुश्री रेनू यादव पिता सभापति यादव को मध्यप्रदेश न्यायिक सेवा में सिविल न्यायाधीश, वर्ग-2 (प्रवेश स्तर) के पद पर, दो वर्ष की परिवीक्षा पर अथवा अन्य आदेश होने तक, अस्थायी रूप से, उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से कनिष्ठ वेतनमान रुपये 27700—770—33090— 920—40450— 1080—44770 में एतद्द्वारा नियुक्त करता है.

अभ्यर्थी का गृह जिला सागर (मध्यप्रदेश) है. उसकी जन्मतिथि 05 अगस्त, 1988 है.

फा. क्र. 3(बी)3-2015-इक्कीस-ब(एक).—(मेरिट क्र. 27), राज्य शासन, श्री नदीम जावेद खान पिता अफसर जावेद खान को मध्यप्रदेश न्यायिक सेवा में सिविल न्यायाधीश, वर्ग-2 (प्रवेश स्तर) के पद पर, दो वर्ष की परिवीक्षा पर अथवा अन्य आदेश होने तक, अस्थायी रूप से, उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से कनिष्ठ वेतनमान रुपये 27700—770—33090— 920—40450— 1080—44770 में एतद्द्वारा नियुक्त करता है.

अभ्यर्थी का गृह जिला अलीराजपुर (मध्यप्रदेश) है. उसकी जन्मतिथि 24 अक्टूबर, 1992 है.

भोपाल, दिनांक 24 नवम्बर 2016

फा. क्र. 3(बी)3-2015-इक्कीस-ब(एक).—(मेरिट क्र. 58), राज्य शासन, श्री वेदप्रकाश सगर पिता श्री छबिराम सगर को मध्यप्रदेश न्यायिक सेवा में सिविल न्यायाधीश, वर्ग-2 (प्रवेश स्तर) के पद पर, दो वर्ष की परिवीक्षा पर अथवा अन्य आदेश होने तक, अस्थायी रूप से, उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से कनिष्ठ वेतनमान रुपये 27700—770—33090— 920—40450— 1080—44770 में एतद्द्वारा नियुक्त करता है.

अभ्यर्थी का गृह जिला भिण्ड (मध्यप्रदेश) है. उसकी जन्मतिथि 10 जुलाई, 1988 है.

फा. क्र. 1 अ-1-15-21-इक्कीस-ब(दो).—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा अतिरिक्त महाधिवक्ता कार्यालय, इन्दौर में नियुक्त समस्त निम्नलिखित विधि अधिकारियों को नियुक्ति दिनांक 1 अगस्त 2016 से उनके कार्यकाल समाप्ति या अन्य आदेश तक, जो भी पहले हो, तक के लिए लोक अभियोजक की शक्तियां प्रदान करता है:—

अतिरिक्त महाधिवक्ता, इन्दौर

क्रमांक	अधिवक्ता का नाम	पद
(1)	(2)	(3)
1	श्री सुनील जैन	अतिरिक्त महाधिवक्ता

उप महाधिवक्ता

1	श्री उमेश गजांकुश	उप महाधिवक्ता
2	श्री पुष्यमित्र भार्गव	उप महाधिवक्ता

विधि अधिकारी/शासकीय अधिवक्ता

1	श्री योगेश मित्तल	विधि अधिकारी/शासकीय अधिवक्ता.
2	श्री मिलिन्द कुमार फडके	विधि अधिकारी/शासकीय अधिवक्ता.
3	श्री संजय कारंजावाला	विधि अधिकारी/शासकीय अधिवक्ता.
4	श्री पंकज वाधवानी	विधि अधिकारी/शासकीय अधिवक्ता.
5	श्री रोमेश दवे	विधि अधिकारी/शासकीय अधिवक्ता.
6	श्री रोहित कुमार मंगल	विधि अधिकारी/शासकीय अधिवक्ता.
7	श्री भुवन देशमुख	विधि अधिकारी/शासकीय अधिवक्ता.

उप विधि अधिकारी/उप शासकीय अधिवक्ता

1	श्रीमती ममता शांडिल्य	उप विधि अधिकारी/ उप शासकीय अधिवक्ता.

(1)	(2)	(3)
2	श्री सी. एस. उज्जैनिया	उप विधि अधिकारी/ उप शासकीय अधिवक्ता.
3	श्री प्रसन्ना भटनागर	उप विधि अधिकारी/ उप शासकीय अधिवक्ता.
4	श्री पियूष जैन	उप विधि अधिकारी/ उप शासकीय अधिवक्ता.
5	श्री अभिषेक सोनी	उप विधि अधिकारी/ उप शासकीय अधिवक्ता.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. एम. सक्सेना, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 18 नवम्बर 2016

फा. क्र 2504-2016-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन एतद्द्वारा इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 11 अगस्त 2016 में आंशिक संशोधन करते हुए श्री सुशील कुमार पटेल, नोटरी, तहसील-पंधाना, जिला खण्डवा के नाम को विलोपित करते हुए उनके नोटरी व्यवसाय प्रमाण-पत्र को दिनांक 1 जनवरी 2015 से 31 दिसम्बर 2020 तक नवीनीकृत मान्य करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. के. सोनी, अतिरिक्त सचिव.

उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 15 नवम्बर 2016

क्र. एफ 6-2-2016-अट्ठावन.—भारत सरकार, कृषि, सहकारिकता एवं किसान कल्याण विभाग की यूनिफाइड पैकेज इन्श्योरेन्स स्कीम (**UPIS**) का क्रियान्वयन प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना/मौसम आधारित फसल बीमा योजना के लिए चयनित निम्नानुसार बीमा कम्पनियां अपने-अपने क्लस्टर अंतर्गत समस्त जिलों में करेंगी. यह स्कीम कृषकों के लिए ऐच्छिक आधार पर रहेगी:—

कलस्टर	कलस्टर में शामिल जिले	बीमा कंपनी
(1)	(2)	(3)
कलस्टर-A	बुरहानपुर, शाजापुर, मंदसौर, झाबुआ, बैतूल, नीमच, हरदा, होशंगाबाद, विदिशा, शहडोल, उमरिया.	एच.डी.एफ.सी. एर्गो जनरल इश्योरेंस कंपनी लिमिटेड.
कलस्टर-B	देवास, आगर-मालवा, गुना, राजगढ़, सिवनी, अशोकनगर, सिंगरौली, रीवा, सतना, सीधी.	इफको टोक्यो जनरल इश्योरेंस कंपनी लिमिटेड.
कलस्टर-C	उज्जैन, बड़वानी, ग्वालियर, रतलाम, अलीराजपुर, भिण्ड, दतिया, मुरैना, श्योपुर, शिवपुरी.	एच.डी.एफ.सी. एर्गो जनरल इश्योरेंस कंपनी लिमिटेड.
कलस्टर-D	इन्दौर, सागर, सीहोर, अनूपपुर, भोपाल, छतरपुर, दमोह, पन्ना, रायसेन, बालाघाट.	चोला मण्डलम् जनरल इश्योरेंस कंपनी लिमिटेड.
कलस्टर-E	खरगौन, धार, जबलपुर, खंडवा, छिन्दवाड़ा, कटनी, मंडला, नरसिंहपुर, टीकमगढ़, डिंडौरी.	एच.डी.एफ.सी. एर्गो जनरल इश्योरेंस कंपनी लिमिटेड.

2. यूनिफाइड पैकेज इन्श्योरेन्स स्कीम (**UPIS**) के अन्तर्गत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अतिरिक्त अन्य प्रयोजनों का लाभ ऐच्छिक रूप से किसान द्वारा लिया जावेगा. योजना अन्तर्गत फसल बीमा के अलावा शेष सभी प्रयोजनों में कवरेज एक साल के लिए माना जावेगा.

3. यूनिफाइड पैकेज इन्श्योरेन्स स्कीम (**UPIS**) में सम्मिलित प्रयोजनों का विवरण निम्नानुसार है:—

क्र.	अनुभाग	प्रयोजन	बीमित राशि (रु.)	संकेतिक प्रीमियम राशि
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा	लाभ (प्रति व्यक्ति) (अ) दुर्घटना से मृत्यु रुपये 2,00,000 (ब) स्थाई पूर्ण दिव्यांगता रुपये 2,00,000 (स) एक अंग/आंख की क्षति रुपये 1,00,000	2,00,000	रु. 12/- प्रति व्यक्ति
2	जीवन बीमा	मृत्यु जोखिम रुपये 2,00,000 (प्रति व्यक्ति)	2,00,000	रु. 330/- प्रति व्यक्ति
3	आगजनी तथा संबंधित जोखिम.	(अ) आवासीय भवन	50,000	रु. 40/- (सेवाकर अतिरिक्त)
		(ब) घरेलू सामग्री बीमा (गहने छोड़कर)	20,000	रु. 20/- (सेवाकर अतिरिक्त)
4	कृषि पंप सेट बीमा	विद्युत्/डीजल पंप सेट 10 हार्स पॉवर तक	25,000	रु. 438/- (सेवाकर अतिरिक्त)
5	विद्यार्थी सुरक्षा बीमा	लाभ (माता पिता/विद्यार्थी के लिये) (सुरक्षा बीमा प्रति विद्यार्थी). (अ) दुर्घटना से मृत्यु रुपये 50,000 (प्रति माता पिता/विद्यार्थी). (ब) पूर्ण स्थायी दिव्यांगता रुपये 50,000 (प्रति विद्यार्थी). (स) एक अंग/आंख की क्षति रुपये 25,000 (प्रति विद्यार्थी). (द) दुर्घटना द्वारा अस्पताल में भर्ती होने पर रुपये 5,000 (प्रति विद्यार्थी).	50,000	रु. 75/- प्रति विद्यार्थी (सेवाकर अतिरिक्त).
6	कृषि ट्रेक्टर बीमा			कृषि ट्रेक्टर हेतु स्टेण्डर्ड मोटर बीमा पॉलिस भारत सरकार की (**UPIS**) गाईड-लाईन के अनुसार नियम लागू होंगे.

4. अन्य सभी नियम/निर्देश भारत सरकार की यूनिफाइड पैकेज इन्श्योरेन्स स्कीम (**UPIS**) गाईड-लाईन के अनुसार लागू होंगे.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अतुल कुमार मिश्रा, उपसचिव.

नगरीय विकास एवं आवास विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 21 नवम्बर 2016

क्र. एफ 3-100-18-5-2016.—एतद्द्वारा कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग के आदेश क्र. 33-47/जि.यो.स./स.जि.प्र./2002, दिनांक 14 जनवरी 2003 के द्वारा ओंकारेश्वर विकास योजना 2021 हेतु मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनिमय, 1973 की धारा 17-क (1) के अन्तर्गत गठित समिति को ओंकारेश्वर विकास योजना 2021 हेतु निम्नानुसार पुर्नगठित किया जाता है. यह समिति अधिनियम की धारा 17-क (2) में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार कार्य करेगी.

अधिनियम की की धारा 17-क(1) की उपधारा		पदनाम	संस्था का नाम/पता	समिति में पद
(1)		(2)	(3)	(4)
क		अध्यक्ष	नगरपालिका परिषद्, ओंकारेश्वर	सदस्य
ख		अध्यक्ष	जिला पंचायत, खण्डवा	सदस्य
ग		संसद सदस्य	संसदीय क्षेत्र खण्डवा	सदस्य
घ		विधायक	विधान सभा क्षेत्र मांधाता	सदस्य
ड		अध्यक्ष	लागू नहीं	सदस्य
च		अध्यक्ष	जनपद पंचायत, पुनासा	सदस्य
छ		सरपंच	लागू नहीं	सदस्य
ज	1.	कलेक्टर	जिला खण्डवा	सदस्य
	2.	कार्यपालन यंत्री	लोक निर्माण विभाग, खण्डवा	सदस्य
	3.	कार्यपालन यंत्री	लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्डवा.	सदस्य
	4.	वन मण्डल अधिकारी	वन विभाग, जिला खण्डवां	सदस्य
	5.	प्रतिनिधि	कॉउन्सिल ऑफ ऑर्किटेक्चर इण्डिया	सदस्य
	6.	प्रतिनिधि	इंस्टीटयूट ऑफ टाउनप्लानर्स इण्डिया	सदस्य
	7.	प्रतिनिधि	इंस्टीटयूट ऑफ इंजीनियर्स इण्डिया	सदस्य
झ		समिति का संयोजक	संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय इन्दौर म. प्र.	सदस्य सचिव

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सी. के. साधव, उपसचिव.

वन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 23 नवम्बर 2016

संशोधन

क्र. एफ 25-98-2016-दस-3.—इस विभाग द्वारा जारी समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 7 सितम्बर 2016 के हिन्दी संस्करण में मुद्रित (क) अधिसूचना प्रकाशन का आधार 1. को निम्नानुसार संशोधन कर पढ़ा जाये:—

''पर्यावरण एवं वन मंत्रालय भारत सरकार के आदेश क्रमांक/8-02/2014-एफसी, दिनांक 15 सितम्बर 2015 में अधिरोपित शर्त के अनुसार कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, नरसिंगढ़ जिला राजगढ़ की स्वीकृत परियोजना कुण्डालिया जलाशय में प्रभावित 275.27 हेक्टेयर वनभूमि के एवज में प्राप्त कुल 275.656 हेक्टेयर गैर वनभूमि में से 23.706 हेक्टेयर उपरोक्त वर्णित भूमि 275.656 हेक्टेयर को क्षतिपूर्ति वनीकरण के उद्देश्य से म. प्र. शासन वन विभाग के पक्ष में कलेक्टर जिला राजगढ़ के आदेश क्रमांक 12815/6/प्रवाचक-1/2012, दिनांक 3-12-2012 से हस्तांतरित एवं नामांतरित किये जाने के कारण''

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रमेश कुमार श्रीवास्तव, सचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

कार्यालय, राज्यपाल के सचिवालय, मध्यप्रदेश, भोपाल

राजभवन, भोपाल, दिनांक 18 नवम्बर 2016

क्र. एफ-1-3-16-रा.स.-यू.ए.1-1340.—राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अधिनियम, 1998 (क्र. 13 सन् 1998) की धारा 12 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कुलाधिपतिजी, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल के द्वारा उक्त विश्वविद्यालय के नियमित कुलपति के पद पर नियुक्ति हेतु ''प्रौद्योगिकी शिक्षा'' के क्षेत्र में प्रख्यात कम से कम तीन व्यक्तियों का पैनल अनुशंसित करने के लिए निम्नलिखित व्यक्तियों की समिति नियुक्त की गई है:—

1.	डॉ. ईश्वर सिंह चौहान, (भारत के पूर्व उच्चायुक्त एवं पूर्व कुलपति) भोपाल (म. प्र.).	समिति के अध्यक्ष	कुलाधिपतिजी द्वारा नामांकित
2.	प्रो. बी. एस. सोन्दे, (पूर्व कुलपति, गोवा विश्वविद्यालय), बैंगलौर कर्नाटक).	समिति के सदस्य	अध्यक्ष, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा नामांकित.
3.	डॉ. रवि बी. ग्रोवर, निदेशक, होमी भाभा नेशनल इंस्टीट्यूट, मुम्बई (महाराष्ट्र).	समिति के सदस्य	कार्यपरिषद् द्वारा निर्वाचित

(2) कुलाधिपति के द्वारा डॉ. ईश्वर सिंह चौहान को उक्त समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है.

(3) समिति इस अधिसूचना के प्रसारित होने की तिथि से छः सप्ताह की अवधि में पैनल प्रस्तुत करेगी.

कुलाधिपति, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल के आदेशानुसार,
अजय तिर्की, राज्यपाल के प्रमुख सचिव.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग

"निर्वाचन भवन"

58, अरेरा हिल्स, भोपाल (म. प्र.)—462011

भोपाल, दिनांक 21 नवम्बर 2016

आदेश

क्रमांकः एफ—87—107/15/ग्यारह/462.— मध्य प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा—32—क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नाम निर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिए प्राधिकृत किया हो, पृथक और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा। मध्य प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32—ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी "निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश 2014" म.प्र. राजपत्र (असाधारण) दिनांक 10/7/2014 में प्रकाशित हुआ है। उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा ।

माह—दिसम्बर, 2014 में संपन्न नगर परिषद्, जैतवारा, जिला—सतना के अध्यक्ष के आम निर्वाचन में श्री **अजय कुमार डोहर** भी अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थे। नगर परिषद्, जैतवारा, जिला —सतना के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 07/12/2014 को घोषित हुआ। मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 32— ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 06/01/2015

तक, अध्यक्ष पद के अभ्यर्थियों को अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी,सतना म.प्र. के समक्ष दाखिल करना था।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, सतना (म0प्र0) के पत्र कमांक 1883, दिनांक 19/1/15 के संलग्न प्रेषित परिशिष्ट–छत्तीस के अनुसार अनुसार अभ्यर्थी, श्री **अजय कुमार डोहर** द्वारा अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा यद्यपि समयावधि में दाखिल किया गया, परन्तु विधि अपेक्षित रीति से दाखिल नहीं किया गया । अर्थात् बैंक से लेन–देन नहीं किया गया । और न ही निर्वाचन व्ययों के लिए बैंक खाता खोला गया ।

म0प्र0 राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा महापौर/अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी के लिये दिन–प्रतिदिन के निर्वाचन व्यय लेखों के संधारण हेतु नियत रजिस्टर प्रोफार्मा ''ग'' में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा दिन–प्रतिदिन के लेखे के रख–रखाव के लिये बैंक रजिस्टर नियत है । इस हेतु निर्वाचन व्यय करने वाले अभ्यर्थी के लिए बैंक में खाता खोलना अनिवार्य है । बैंक खाता संधारण अभ्यर्थियों के व्ययों पर नियंत्रण एवम् पर्यवेक्षण हेतु आवश्यक है ।

अभ्यर्थी, श्री अजय कुमार डोहर के निर्वाचन व्यय लेखों के संबंध में उक्ताशय की जानकारी जिले से आयोग को प्राप्त होने के उपरांत आयोग के ज्ञापन दिनांक 27/2/15 द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला–सतना से अभ्यर्थी के व्यय लेखों के संबंध में बैंक से लेन–देन नहीं करने के संबंध में स्थिति स्पष्ट करने हेतु कहा गया ।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला–सतना के आयोग के पूर्व जारी पत्र दिनांक 27/2/2016 के संदर्भ में पत्र दिनांक 10/8/16 द्वारा आयोग को अवगत कराया गया कि–इस संबंध में संबंधित अभ्यर्थी, श्री डोहर को जिला कार्यालय की ओर से सूचना–पत्र जारी किया गया, पर अभ्यर्थी की ओर से सूचना–पत्र का जवाब जिला कार्यालय को प्रस्तुत नहीं किया गया । इसके साथ ही श्री अजय कुमार डोहर, अध्यक्ष, नगर परिषद्, जैतवारा, जिला–सतना द्वारा इसके उपरांत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, सतना को अभ्यावेदन प्रस्तुत कर अभ्यावेदन में इस बात का उल्लेख किया गया कि– उनके द्वारा निर्वाचन व्यय हेतु खाता संधारित नहीं किया गया था घर पर रखे पैसे से लेन–देन किया गया था, जिसका कि व्यय लेखा प्रस्तुत किया गया था ।

इसके उपरान्त आयोग द्वारा अभ्यर्थी, **श्री अजय कुमार डोहर** को इस संबंध में सूचना–पत्र दिनांक 29/6/16 जारी कर दिनांक 20/9/2016 को व्यक्तिगतगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में आहूत किया गया ।

अभ्यर्थी, श्री अजय कुमार डोहर सुनवाई तिथि को आयोग कार्यालय में उपस्थित हुए । व्यक्तिगत सुनवाई के दरमियान श्री डोहर निर्वाचन व्यय लेखों के संबंध में बैंक से लेने–देन नहीं करने के संबंध में कोई संतोषजनक तथ्य् प्रकट नहीं कर सके ।

इसके बाद आयोग द्वारा दिनांक 21/09/16 को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, सतना को पत्र भेजकर विशेष वाहकों के माध्यम से **श्री अजय कुमार डोहर के निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त अभिलेख तलब किए गए ।**

दिनांक 03/10/16 को अभ्यर्थी, श्री डोहर के निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित अभिलेखों का विस्तृत् परीक्षण किया गया, पर स्थिति पूर्ववत् पाई गई अर्थात् उनके द्वारा निर्वाचन व्ययों हेतु बैंक से लेन–देन नहीं किया गया । न ही निर्वाचन व्ययों हेतु बैंक खाता खोला गया।

